हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025

04 जिला प्रशासन के निर्देश पर दिव्यांग चिन्हांकन...



07 अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ने हंगामा मचाया





## समाचार संक्षेप

### श्री राम जानकी मंदिर शाक्यवार समाज बीनागंज कार्यसमिति के चुनाव संपन्न

**चाचौड़ा।** श्री राम जानकी मंदिर शाक्यवार समाज, बीनागंज की कार्य समिति का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। समाज के पदाधिकारियों का चयन शांतिपूर्ण व अनुशासित वातावरण में किया गया।चुनाव में निम्न पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन घोषित किया गया—अध्यक्ष : देवदास केम खारिया सचिव : राजेंद्र कुमार शाक्यवार



उपाध्यक्ष : दीनदयाल उछाड़िया कोषाध्यक्ष : यशवंत सिंह जुजाजिया सह सचिव : दिनेश कुमार खेरोनियासंगठन मंत्री : हर्ष कुमार मटोलियाकार्यालय प्रमुख : पूनमचंद शाक्यवार (शिक्षक) एवं राजेंद्र कुमार खेरोनियाइसके साथ ही संरक्षण समिति में निम्न सदस्यों का मनोनयन किया गया— कन्हैयालाल, दुर्गाप्रसाद, रामरतन, चुन्नीलाल, कैलाश नारायण एवं चुन्नीलाल कसोतिया। समाज के वरिष्ठजनों और सदस्यों की उपस्थिति में यह निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 2 वर्ष निर्धारित किया गया है।अंत में उपस्थित समस्त समाजजनों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं एवं समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

### भाजपा का गुना विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**गुना ।** प्रदेश की डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति की गाथा है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं ।ये बात सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं पोहरी के पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे ने स्थानीय जीके मैरिज गार्डन में आयोजित गुना विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए



कही ।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सफलतम दो वर्ष वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सफलता पूर्वक कार्य कर रही है ।गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपने संवोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के बारे में जानकारी दी।

### ओलंपियाड परीक्षा में ब्लॉक में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया

**चाचौड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाचौड़ा की कक्षा 10 की छात्रा कुमारी फिरदौस पुत्री जफर शाह मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में गणित विषय में विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे चाचौड़ा क्षेत्र का नाम रोशन किया है । छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय लगातार विकासखंड जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर नई ऊंचाइयां एवं पहचान बना रहा है और नवीन आयाम स्थापित कर रहा है। कुमारी फिरदौस पुत्री जफर शाह की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार गोर्बान्वित है प्राचार्य डॉक्टर विनायक शोपरा वरिष्ठ अध्यापक सुनील सेन रामदयाल अहिरवार ईमरत सिंह जाटव गोपाल सिंह यादव सुधा शर्मा अंतिम बाला हांडा उषा साहू मनीष शर्मा राम अहिरवार सहित पूरे विद्यालय परिवार ने प्रार्थना सभा में छात्रों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही मार्गदर्शन शिक्षक राम अवतार शर्मा कुलदीप जादोन ने गणित विषय में आगामी संभाग स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी में पूरा योगदान तथा दिशा निर्देश करते हुए अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की हैं स्टाफ सहित सभी सदस्यों ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।



## विरोध करने पर पत्रकार पर दर्ज हुई एफआईआर

# भवन के कब्जे को लेकर बढ़ा विवाद:122/3 के बजाय 122/1 पर कार्रवाई का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना/मधुसूदनगढ़

नगर में एक भवन का कब्जा दिलाने के आदेश के क्रियान्वयन को लेकर विवाद सामने आया है। भवन स्वामी का आरोप है कि भवन नंबर 122/3 पर कब्जा दिलाने के आदेश के बावजूद संबंधित अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा भवन नंबर 122/1 पर जबरन कार्रवाई की कोशिश की गई। जब इस कार्रवाई का विरोध किया गया तो पत्रकार और उसके भाइयों पर कथित रूप से प्राथमिकी दर्ज कर दी गई।



### यह है पूरा मामला

मामला भाजपा नेता दीपक अग्रवाल से जुड़ा है, जिन्होंने हैदर अली से भवन नंबर 122/3 खरीदा था। रजिस्ट्री दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से भवन नंबर 122/3 अंकित है। रजिस्ट्री के बाद यह भवन नगर परिषद रिकॉर्ड में दीपक अग्रवाल के नाम दर्ज हो गया, जो अब भवन पंजी में क्रमांक 151 पर दर्ज है। भवन स्वामी के अनुसार कब्जा दिलाने की कार्रवाई के दौरान संबंधित अधिकारी ने यह कहते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि भवन नंबर 122/3 कहां स्थित है। इसके बाद नगर परिषद मक्सूदनगढ़ से भवन की स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। भवन नंबर 122/1 के स्वामी साविर अली द्वारा शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी। इस शिकायत और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना मक्सूदनगढ़ व नगर परिषद द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि भवन नंबर 122/1 और 122/3 दोनों अलग-अलग भवन हैं दोनों भवनों की चारों सीमाएं अलग-अलग हैं।

### 122/1 पर कार्रवाई का आरोप

आरोप है कि जांच रिपोर्ट और बिना किसी सूचना या नोटिस के, संबंधित अधिकारी अपनी टीम के साथ भवन नंबर 122/1 में घुस गए और तोड़फोड़ की कोशिश करने लगे। इसका विरोध पत्रकार टोनी शाह और भवन स्वामी साविर अली ने किया। टोनी शाह और साविर अली का कहना है कि उन्होंने बार-बार अधिकारियों को बताया कि आदेश भवन नंबर 122/3 के लिए है, न कि 122/1 के लिए। उन्होंने तहसीलदार या नगर परिषद अधिकारियों को बुलाकर मौके पर जांच कराने की मांग भी की, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई।

### पत्रकार पर एफआईआर का विरोध

पत्रकार टोनी शाह और भवन नंबर 122/1 के मालिक पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और हरिजन एक्ट के तहत झूठी एफआईआर दर्ज करा दी। वहीं, साविर अली ने भी पुलिस में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जबरन उनके भवन में घुसकर तोड़फोड़ की कोशिश की और उनके धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

### इनका कहना है...

मामला मेरा संज्ञान में आया है संबंधित पक्ष ने दस्तावेज संलग्न करके आवेदन दिया है। हम इस मामले की जांच करने के लिए डीएसपी स्तर के अधिकारी को अधिक्रत कर रहे हैं।

**मान सिंह ठाकुर,** एडिशनल एसपी गुना

### म्याना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 'छोटा हाथी' में क्रूरतापूर्वक भरे तीन पड़वे जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

जिले के म्याना थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से पशु परिवहन कर रहे एक वाहन को पकड़ा है। पुलिस ने वाहन में क्रूरतापूर्वक भरे तीन पड़वों (भैंस के बच्चे) को मुक्त कराते हुए दो आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। घेराबंदी कर पकड़ा वाहन उपनिरीक्षक राजेंद्र गौंड ने बताया कि भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि नईसराय रोड से म्याना होते हुए एक वाहन अवैध रूप से पशुओं को लेकर बदरवास की ओर जा रहा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चौका चूल्हा के पास हाईवे पर कट पॉइंट लगाकर घेराबंदी की। इस दौरान छोटा हाथी वाहन (क्रमांक MP 08 ZF 1032) को रोककर तलाशी ली गई, तो उसमें तीन पड़वे अत्यंत निर्मम तरीके से गर्दन और पैर बांधकर ठूंस-ठूंस कर भरे हुए पाए गए।अशोकनगर और म्याना के निवासी हैं आरोपी वाहन चला रहे सुमित चंदेल (19), निवासी बांसखेड़ी और उसमें सवार जाहिद खान (38), निवासी खिरिया शहराई (जिला अशोकनगर) से जब मवेशियों के परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सके। आरोपियों ने कबूल किया कि वे इन पशुओं को शिवपुरी की ओर ले जा रहे थे। पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज पुलिस ने मौके पर पंचनामा बनाकर वाहन और तीनों पड़वों को जब्त कर लिया है।

## द्वारकाधीश टाउनशिप कॉलोनी में हुई चोरी का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत द्वारकाधीश कॉलोनी में हुई एक गंभीर चोरी के मामले में त्वरित, पेशेवर एवं परिणामोन्मुख कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है 2 दिसंबर को फरियादी जुगल किशोर ठाकुर, निवासी द्वारकाधीश टाउनशिप, गुना के द्वारा 2 दिसंबर 2025 के दोपहर में किन्ही अज्ञात चोरों द्वारा उसके सूने घर के ताले तोड़कर करीबन 50,000 रुपये नकदी, दो मंगलसूत्र, लक्ष्मी-कुवेर जी की चांदी की मूर्ती एवं सोने की दो छोटी चैन, चार अंगूठी एवं गुल्लक तोडकर उसमें रखे करीबन 20,000 रुपये चोरी किये जाने की केंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध केंट थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई ।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी के द्वारा अज्ञात चोरों की शीघ्र पतारसी कर उन्हें गिरफ्तार करने एवं चोरी हुआ माल बरामद करने हेतु तत्काल केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम गठित की गई । टीम द्वारा प्रकरण में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतारसी के निरंतर प्रयास किए गए । इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए अज्ञात आरोपियों की सघन तलाश व पतारसी की गई, जिसमें पुलिस की सक्रियता, लगातार सूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर शीघ्र ही चोरी के अज्ञात आरोपियों की पहचान 1-जसवीर सिंह जाट निवासी लुधियाना पंजाब, 2-राजेश शाह निवासी छपरा विहार, 3-वीरेन्द्र पासवान छपरा विहार एवं 4-राजू जाट निवासी छपरा विहार के रूप कर ली गई । आरोपियों की पहचान उपरांत पुलिस की टीमें पंजाब, हरियाणा एवं बिहार के लिए रवाना की गईं, जहां पर पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों की तलाश में उनके पते ठिकानों पर सघन दबिसें दी गईं और अंततः अपने अथक प्रयासों के बाद तीन आरोपियों 1- जसवीर उर्फ जस्सी पुत्र प्रीतम सिंह जाट उम्र 57 वर्ष निवासी एल.आई.जी फ्लेट डुगरी थाने के पीछे लुधियाना पंजाब, 2- राजेश पुत्र पारस शाह उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया थाना मढौरा जिला छपरा विहार एवं 3- राजू पुत्र जसपाल सिंह जाट निवासी वशिष्ट कालोनी मोहननगर छपरा विहार को गिरफ्तार कर, जिनके कब्जे से प्रकरण में पूरी चोरी गए संपूर्ण आभूषण बरामद किए गए है । साथ ही घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार क्रमांक PB-13-BJ-5253 को भी जप्त किया गया है । प्रकरण में एक आरोपी वीरेन्द्र पासवान फरार है जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है और जिसकी भी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी प्रकरण में गिरफ्तारशुदा आरोपी शातिर अंतर्राज्यीय बदमाश है जिनके विरूद्ध पूर्व से झांसी के थाना सीपरी बाजार, झांसी कोतवाली थाना, राजस्थान के थाना सदर दौसा, थाना डुगरी सहित लुधियाना पंजाब, चंडीगढ़, कुरुक्षेत्र हरियाणा आदि कई राज्यों में कई अपराध दर्ज होना पाए हैं ।अपराधियों के विरूद्ध यह सख्त कार्यवाही गुना पुलिस की सतर्कता, तकनीकी दक्षता, अंतर्राज्यीय समन्वय एवं अपराधियों के प्रति सख्त रुख का सशक्त उदाहरण है, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास और अपराधियों में कानून का भय सुदृढ़ हुआ है ।

## 12वां प्रदेश स्तरीय कुशवाह युवक-युवती व परिवार परिचय सम्मेलन 28 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

श्री राम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति के तत्वावधान में 12वां प्रदेश स्तरीय युवक-युवती एवं परिवार परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार 28 दिसंबर को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यह सम्मेलन बूढ़े बालाजी स्थित कुशवाह मांगलिक भवन, टेकरी रोड, गुना में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथियों में भारत सिंह कुशवाह सांसद ग्वालियर, कैलाश सिंह कुशवाह विधायक पोहरी, कैलाश चंद्र कुशवाह प्रदेश अध्यक्ष कछवाहा कुशवाहा क्षत्रिय महासभा शामिल होंगे। इसके अलावा योगेश मानसिंह कुशवाह प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय कुशवाह समाज, यशोदा कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, रजनी कुशवाह ओबीसी क्रांति सभा राष्ट्रीय सचिव तथा राष्ट्रवादी बालकवि अनुज कुशवाह, स्वामी चंदन सिंह कुशवाह आगरा विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम की भव्य तैयारी को लेकर कुशवाह समाज द्वारा समाज बंधुओं को आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन की पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा।साथ ही वर्ष 2024-25 में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं गुना जिले में विभिन्न क्षेत्रों में समाज का गौरव बढ़ाने वाले प्रतिभावानों का सम्मान किया जाएगा।कार्यक्रम के प्रभारी एवं संरक्षक नंद राम कुशवाह ठेकेदार, अध्यक्ष नरेश कुमार कुशवाह (सीनियर इंजीनियर असिस्टेंट, एनएफएल विजयपुर), कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम सिंह कुशवाह (साक्षी इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक कैंट), महामंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी रणवीर सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष सीताराम कुशवाह, देवकीनंदन कुशवाह, सचिव सुखलाल कुशवाह, लक्ष्मी नारायण कुशवाह, कोषाध्यक्ष रूप सिंह कुशवाहा सहित समाज के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में मिल रहा है।



### कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# हेलमेट-सीट बेल्ट से लेकर ब्लैक स्पॉट सुधार तक सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया सहित पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। नियमित बैठकें हों, समस्याओं का समयबद्ध समाधान होबैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएं, ताकि यातायात से जुड़ी समस्याओं का समय पर निराकरण हो सके।हेलमेट और सीट बेल्ट अभियान होगा तेजकलेक्टर ने ट्रैफिक टीआई को निर्देश दिए कि कलेक्टर कार्यालय,



पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं न्यायालय परिसर में विशेष रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट जांच अभियान चलाया जाए, ताकि आमजन में नियमों के प्रति अनुशासन विकसित हो।18,484 चालान, 234 लाइसेंस निरस्तीकरण प्रस्तावबैठक में ट्रैफिक टीआई द्वारा जानकारी दी गई कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, शराब पीकर वाहन चलाने, बिना लाइसेंस सहित अन्य यातायात उल्लंघनों पर अब तक कुल 18,484 चालानी कार्रवाई की जा चुकी है। साथ ही वर्तमान वर्ष में 234 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के प्रस्ताव परिवहन कार्यालय को भी भेजे गए हैं।जाम से राहत के लिए संयुक्त क्रेन संचालनगुना शहर की यातायात व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने स्वयं निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने शहर में जाम की समस्या से आमजन को राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस एवं नगर पालिका को संयुक्त रूप से क्रेन संचालन के निर्देश दिए। साथ ही क्रेन से हटाए गए वाहनों पर चालानी शुल्क की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन किया जाए।

इसके अतिरिक्त यातायात सुधार के लिए सड़क लाइनिंग एवं रोड मार्किंग का कार्य पुनः शीघ्र कराया जाए, ताकि वाहन चालकों को स्पष्ट मार्गदर्शन मिल सके।ब्लैक स्पॉट्स पर होगा संयुक्त सुधार कार्यबैठक में जिले के विभिन्न दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी भी ली गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन स्थानों पर संयुक्त टीम बनाकर आवश्यक सुधार कार्य तत्काल सुनिश्चित किए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा — सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## समाचार संक्षेप

### भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. भूपेंद्र सिंह रघुवंशी गेहूखेड़ा की 5वीं पुण्यतिथि मनाई

**आरोन।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राघौगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी स्व भूपेंद्र सिंह रघुवंशी गेहूखेड़ा की पांचवीं पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल आरोन के कार्यकर्ताओं ने शासकीय अस्पताल आरोन में मरीजों को फल वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पण की,एवं उनके जनहितैषी कार्यों को याद कर उनका स्मरण किया।इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र सिंह हल्के नेताजी मंडल उपाध्यक्ष राजीव राजावत पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद शर्मा देवेंद्र शर्मा मंत्री लखन जाटव रविशंकर सेन वर्षा कुशवाह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिव्यांशु रघुवंशी एससी मोर्चा अध्यक्ष सचिन सप्रे महामंत्री अंकेश यादव अर्जुन कुशवाह मिथुन शर्मा बलवीर यादव दुर्गेश शर्मा आकाश ग्वाल गिर्राज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य भूमि पूजन ध्वज स्थापित कार्यक्रम संपन्न

**आरोन।** रिजौदा मण्डल में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य भूमि पूजन ध्वज स्थापित कार्यक्रम संपन्न हुआ।महुआ खेड़ा गांव में शंख ध्वनि जय घोष के नारों से वातावरण आनन्द संपन्न हुआ। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक मणिराम यादव कोषाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव,जगराम नायक, रवि तिवारी, देशराज यादव,संत , महात्मा, कथा वाचक गणमान्य हिन्दू समाज की उपस्थिति में भव्यता पूर्ण रूप से सामूहिक संकल्प लेकर भूमि पूजन ध्वज स्थापित किया गया। उपस्थित हिन्दू समाज के कार्य कर्ताओं ने 5000 व्यक्तियों के एकत्रित होने एवं समरसता पूर्ण ढंग से भोजन एकत्रीकरण का लक्ष्य रखा गया है। हिन्दू सम्मेलन दिनांक 3 जनवरी शनिवार को दोपहर 12बजे से बौद्धिक , रंगमंच पर राष्ट्रीय भक्ति भाव से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय लोकगीतों से कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। महिलाओं द्वारा भी भजन कीर्तन गरवा नृत्य किए जाने की योजना बनाई गई है।आदिवासी,भील, बंजारा समाज भी अपनी अपनी टोलियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आतुर हैं। रिजौदा मण्डल के 14 ग्रामों में प्रत्येक घर पीले चावल बांटने टोलियां बनाकर सकल हिन्दू समाज को आमंत्रित करेंगे।



### प्रभारी प्राचार्य कालू सिंह डोंडवा और प्राथमिक शिक्षिका वर्षा रघुवंशी को दी भावभीनी विदाई

**आरोन ।** विकासखंड के हायर सेकंडरी विद्यालय खामखेड़ा में विद्यालय के पूर्व प्राचार्य कालू सिंह डोंडवा (प्राथमिक शिक्षक)और प्राथमिक शिक्षिका वर्षा रघुवंशी को विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य यशवंत कुशवाह एव अनिल नदिया द्वारा कालू सिंह डोंडवा और वर्षा रघुवंशी जी को शाल श्री फल भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम में उपस्थित रिटायर्ड प्रधानाध्यपक रामवावू रघुवंशी ,हरवीर रघुवंशी,मोहन सिंह रघुवंशी और शिवराम रघुवंशी का विद्यालय के शिक्षकों द्वारा फूल माला एवम शाल श्री फल भेंट कर स्वागत किया।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सहायक उपकरणों से जोड़ने की पहल

# जिला प्रशासन के निर्देश पर दिव्यांग चिन्हांकन शिविर आयोजित, विशेषज्ञों ने किया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन



नगर परिषद आरोन द्वारा जिला प्रशासन के आदेशों के परिपालन में दिव्यांगजन हितग्राही चिन्हांकन शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से क्षेत्र के दिव्यांगजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सहायक उपकरणों से जोड़ने की पहल की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभशिविर का आयोजन वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी महेश कुमार बम्नाह, तहसीलदार धीरेंद्र गुप्ता, जनपद सीईओ गौरव यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर का अवलोकन किया और दिव्यांगजनों से चर्चा कर उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।एल्म्को जबलपुर की टीम ने किया परीक्षण शिविर में एल्म्को जबलपुर से आई विशेषज्ञ टीम ने अपनी सेवाएं दीं। टीम द्वारा शिविर में आए दिव्यांगों की शारीरिक अक्षमताओं और अपंगता के स्तर का गहन परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया, जिन्हें भविष्य में कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।सिविल विभाग की सक्रिय भागीदारीशिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में नगर परिषद के सिविल विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सिविल प्रभारी (सीओ) शेख जिगर खान और सहायक गौरव ओझा सहित जनपद एवं नगर परिषद के कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहे और शिविर की तकनीकी व जमीनी व्यवस्थाओं को संभाला। शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचे। इसी उद्देश्य से आज विशेषज्ञों की टीम द्वारा परीक्षण कर पात्र दिव्यांगों को चिह्नित किया गया इस दौरान सहायक संचालक विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष धाकड़प्राचार्य हाई स्कूल मूहासा विनोद रघुवंशी करियर काउंसलर रिया शर्मा मेंटल हेल्थ काउंसलर शिवम भार्गव कंप्यूटर ऑपरेटर पवन शर्मा आलिमको टीम जबलपुर नरेंद्र कुमार पीएंडओ कृष्णा गुप्ता ऑडियोलॉजिस्ट महेंद्र कुमार पीएंड्ओ विजय कुमार डेटामेन अमन कुमार डेटामेन सहित मौजूद रहे।

# दीतलवाड़ा स्पोर्ट फेस्टिवल में हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

दीतलवाडा स्पोर्ट फेस्टिवल 18 दिसंबर गुरुवार से क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज जिसमें क्षेत्रों से लगभग 64 टीम में टूर्नामेंट में भाग लेंगी ,इसमें प्रथम पुरस्कार 100000, द्वितीय पुरस्कार 51 000 हजार,तृतीय पुरस्कार 31000हजार , चतुर्थ पुरस्कार 21000 रुपए रखा गया है एवं प्रत्येक मैच के लिए मैन ऑफ द मैच के लिए भी अलग से पुरस्कार दिया जाएगा। यह टूर्नामेंट विगत 7 वर्षों से निरंतर दीतलवाडा स्पोर्ट समिति के द्वारा किया जाता है यह आयोजन स्वर्गीय मिश्रीलाल मीणा की स्मृति में उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा प्र ति व ष आयोजित किया जाता है इसमें शि व ना रा य ण मीना, कैलाश नारायण मीना, चंद्रशेखर मीना (चंदू भैया), एवं चंद्र मोहन मीना ( च न्‍ नू भईया)एवं dsf परिवार का रहता है। आज के दिन टूर्नामेंट में तीन मैच हुए जिसमें पहला मैच वीरू 11 क्रिकेट क्लब vs तलाबड़ा क्रिकेट क्लब के बीच रहा जिसमेंतलाबड़ा जीत दर्ज की जिसमें मेन ऑफ दा मैच रहे अंकेश दूसरा मैच परेवा क्रिकेट क्लब vs विजओदा क्रिकेट क्लब परेवा क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की जिसमें मेन ऑफ दा मैच रहे रवि तीसरा मैच एक्टिव मोबाइल क्रिकेट क्लब vs बरखेड़ी मेवाती क्रिकेट क्लबएक्टिव मोबाइल क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज क़ी जिसमे मेन ऑफ दा मैच फैजल गप्पी रहे एक्टिव मोबाइल क्रिकेट क्लब के अस्पाक खान ने अपनी टीम के सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी इस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 14 जनवरी 2026 को रहेगा। यह टूर्नामेंट इस क्षेत्र में एक अनोखी पहचान बन चुका है।



## यदि मनुष्य का जन्म लिया है तो मृत्यु अटल है : श्री हित आकाश आचार्य

गुना। कथा के दूसरे दिन श्री हित आकाश जी आचार्य ने बताया यदि मनुष्य का जन्म लिया है तो मृत्यु अटल है इस जगत मे जन्म लिया है तो मरना भी पड़ेगा ।मृत्यु यमराज की बेटी है। और कहा कभी जीवन मे अभिमान नहीं करना चाहिए, अपने बच्चों पड़ना लिखना पर इतना मत पड़ना के माँ बाप को हि नालायक समझने लगे इसलिए माता पिता कि सेवा करनी चाहिए। कभी उनका दिल नहीं दुखाना चाहिए माता पिता के ऋण कभी




नहीं उतारा जा सकता माँ नो महीने तक अपने बच्च्जे को पेट मे रखती है। और बही बच्चे बड़े होकर माँ बाप को वृद्धा आश्रम मे भेज देते है। और बताया शिव महा पुराण मे 24000 हज़ार श्लोक है ।और कहा माँ बाप की सेवा से कोई बड़ी सेवा नहीं है मंदिर मत जाओ कोई दान पुण्य मत करो यदि तुमने माँ बाप की सेवा कर ली बस यही सेवा करने का फल मिल जाएगा इसके उपरान्त नील़म्‍ बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया आरती मे सभी अग्रवाल समाज। लोग शामिल हुए। एवम्‍ शिवपुरी से अग्रवाल समाज के लॉगो ने शॉल श्री फल देकर आचार्य आकाश जी सम्मानित किया। और आज कथा के दौरान माँ गंगा मैया विराजमान किया आज से होगा पाँच दिवसीय पार्थिव शिवलिंग का अनुष्ठान किया जाएगा सुबह ९ बजे से 12 बजे तक और शिवपुरी से अग्रवाल समाज द्वारा नीलम बिंदल को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

# भागवत कथा में गोवर्धन पूजन, 56 भोग अर्पित कर भक्तों ने की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

नगर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास पंडित रामसेवक शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब भूमि पर अधर्म बढ़ा, तब-तब भगवान ने अपनी लीलाओं से भक्तों को आनंद और संरक्षण प्रदान किया। कथावाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार ब्रज में हुआ, जहाँ उन्होंने गोपियों और सखाओं के साथ नाना प्रकार की बाल लीलाएँ कर ब्रजवासियों को अपार सुख दिया। जन्मोत्सव के पश्चात पूतना वध की लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि पूतना, जो राजा बलि की पुत्री थी, विष लगे स्तन के साथ भगवान को मारने आई, किंतु भगवान ने उसके दूध के साथ उसके प्राण भी हर लिए।माखन चोरी और दामोदर लीला का प्रसंग सुनाते हुए शास्त्री जी ने कहा कि





गोकुल का दूध-दही-माखन मथुरा भेजा जाता था, जबकि उसका आनंद सखाओं को मिलना चाहिए—इसी भाव से भगवान ने माखन चोरी की लीलाएँ कीं। एक दिन मटके फोड़ने पर माता यशोदा ने कन्हैया को ऊखल से बाँध दिया, तभी से भगवान का नाम 'दामोदर' पड़ा।ब्रह्मा परीक्षा प्रसंग में उन्होंने बताया कि ब्रह्मा जी ने भगवान को साधारण बालक समझकर बछड़ों और सखाओं को चुरा लिया, पर भगवान ने अपने ही स्वरूप से समान रूप, रंग और आकृति वाले बछड़े व बालक प्रकट कर ब्रह्मा को विस्मित कर दिया। अंततः ब्रह्मा जी ने भगवान से क्षमा याचना की।इंद्र का मान मर्दन करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों से इंद्र पूजा बंद कराकर गोवर्धन पर्वत की पूजा का आयोजन कराया। इस अवसर पर ग्वाल-बालों ने 56 प्रकार के व्यंजन तैयार कर गिरिराज भगवान की विधि-विधान से पूजा की और परिक्रमा की।कथा स्थल पर भगवान श्री गोवर्धन जी की भव्य झांकी सजाई गई, जहाँ 56 भोग अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन एवं परिक्रमा कर भक्ति रस में डूबकर आनंद लिया। पूरा परिसर भजन-कीर्तन से गूंज उठा और भक्तजन नाचते-गाते हुए अत्यंत प्रसन्न और भावविभोर दिखाई दिए।

# प्राकृतिक व धार्मिक नादिया खो पर ईको पर्यटन की अनेक संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



ईको पर्यटन की एक नहीं अनेक संभावनाओं को परिलक्षित करता प्राकृतिक और धार्मिक नादिया खो नामक यह प्राचीन स्थल महाभारत कालीन चेदि (चंदेरी) नरेश शिशुपाल की राजधानी बूढ़ी चंदेरी से मात्र दो-ढाई किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

बाबा भोलेनाथ जी को समर्पित यह एक ऐसा धार्मिक प्राकृतिक स्थल है जो मात्र धार्मिक भावनाओं को ही तृप्त नहीं करता वरन्‍ प्रकृति ईको टूरिज्म प्रेमियों को कुदरत के दिलकश नज़ारों से रूबरू कराते हुए एडवेंचर टूरिज्म का लाभ उठाने के अवसर भी प्रदान करता है। वन विभाग द्वारा पर्यटन रूपी नेत्रों से इस स्थल के प्राकृतिक ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को वरीयता प्रदान करते हुए लगभग तीन-चार साल पूर्व यहां पर प्रारंभिक विकास रूपी कार्यों को धरातल पर अमली जामा पहनाया था।

बूढ़ी चंदेरी का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व होने के कारण वर्ष भर पर्यटकों का आवागमन जारी रहता है। आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आज नहीं तो कल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारत सरकार) बूढ़ी चंदेरी स्थित राष्ट्रीय महत्व के घोषित एवं संरक्षित 1 से 5 जैन मंदिरों का जीर्णोद्धार स्मारकों पर पर्यटक बुनियादी सुविधाओं का विस्तार आदि करेगा। इसे भी कृष्ण पाथेय योजना में जोड़ा जाए।

### सब स्टेशन का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए

**अशोकनगर।** जिले में स्वीकृत विद्युत सर्विस स्टेशन का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, यह बात भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एस ई मधुसूदन काली, डी ई देवेन्द्र मेहरा से मुलाकात कर कही। उन्होंने ईसागढ़ विकासखंड के ग्राम भर्रोली विधुत सब स्टेशन चालू करने के लिए अधिकारियों को धन्यवाद दिया एवं जिले के किसानों को आ रही विद्युत समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रमुख रूप से किसानों को जो दस घंटे बिजली मिल रही है, वह अधिकतम दिन मे मिले। दस घंटे में जहां लाईन फाल्ट या अन्य कारण से किसानों को बिजली नहीं मिल पाती है,उसकी आपूर्ती अन्य दिनों में की जावे। अगर किसान को एक दिन से लेकर एक महीने के मध्य जितने दिनों का अस्थाई कनेक्शन लिया जाता है। उतना ही दिया जाये, अनावश्यक एक माह या तीन माह का अस्थाई कनेक्शन लेने हेतू बाध्य नहीं किया जाये। जिले में जो स्वीकृत विद्युत सब स्टेशन कार्य शीघ्र प्रारंभ हो। विद्युत सब स्टेशन खोले जाने की आवश्यकता है, वहां के प्रस्ताव बनाकर शीघ्र शासन को भेजें।

# जिला परिवहन अधिकारी ने स्कूल वाहनों की चैकिंग की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह द्वारा अशोकनगर जिले की तहसील मुंगावली एवं तहसील बहादुरपुर में सेंट मीरा पब्लिक स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल, ज्ञान ज्योति स्कूल, मां कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में स्कूली वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें स्कूल वाहन तथा अन्य छोटे वाहनों से नियम विरुद्ध संचालन करने से चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 14 वाहनों से 92000 रूपये की राशि वसूल की गई। साथ ही 02 स्कूल वाहन पुलिस थाना बहादुरपुर एवं 01 यात्री वाहन पुलिस थाना ईसागढ़ में जप्त कर रखा गया है। गत 01 अप्रैल 2025 से 17 दिसम्बर 2025 तक कुल 474000 रूपये का राजस्व बसूला गया। स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि स्कूल वाहन बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना प्रदूषण, अग्निशमन यंत्र, पैनिक बटन, वीएलटीडी डिवाइस एवं जीपीएस के बिना यदि कोई स्कूल वाहन संचालन करते पाया जाता है तो मोटरयान नियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# कैथन डायवर्सन नहर सुधार रही कंपनी ने फसलें उजाड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र के खोपरा गांव में बीते ढाई तीन महीने से कैथन डायवर्सन की भूमिगत नहर को दुरुस्त किया जा रहा है। जिस कंपनी ने यह ठेका लिया है, उसकी लगाई मशीनें बंद हो चुकी नहर को खोद कर पाइप खोजने की कोशिश कर रही हैं। नहर के पाइप भी करीब तीस से चालीस फीट नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें खोजने के लिए बड़ी मात्रा में मिट्टी निकाली जा रही है। जिसे फैलाने के लिए नहर बनाने के दौरान अर्जित की गई जमीन से अतिरिक्त जमीन में मिट्टी को डाला जा रहा है। खोपरा के मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि मिट्टी के फैलाने और वाहनों की आवाजाही से उनका पांच बीघा का खेत प्रभावित हुआ है, जिसके बड़े हिस्से में रबी सीजन की फसल बोई गई थी। इसी तरह महेश पाठक के खेत में भी फसल को नुकसान हो रहा है। खोपरा के ही प्रकाश शर्मा के खेत में भी फसल खराब हुई है। प्रयाग इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी का काम देख रहे एक व्यक्ति गगन यादव से जब इस सम्बन्ध में बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने जवाब नहीं दिया।

**जितनी जमीन अर्जित की उससे ज्यादा पर फैला रही मिट्टी**

दरअसल, जल संसाधन विभाग द्वारा ढाई करोड़ रुपये खर्च कर कैथन डायवर्सन की भूमिगत नहर को फिर से खोला जा रहा है। यह नहर बीते तीन वर्षों से बंद है। जिसे खोलने के लिए पहले भी दो बार प्रयास हो चुके हैं लेकिन ठेकदारों ने जब हाथ खड़े कर दिए तो विभाग ने बड़े स्तर पर कार्य योजना बनाई। जिसमें करीब ढाई करोड़ रुपए का खर्च आ रहा है।

### 600 हेक्टेयर में होती थी सिंचाई

करीब पंद्रह वर्ष पहले क्षेत्र के खोपरा एवं हाजूखेड़ी गांव के बीच कैथन नदी को मोड़कर एक नहर में तब्दील किया गया था, जिससे 600 हेक्टेयर रकबा में सिंचाई होती थी। इस योजना के तहत कैथन नदी पर एक बांध बनाया गया। जिसके पीछे करीब पांच किलोमीटर तक पानी जमा होता है। इस पानी को बांध के नजदीक से एक नहर में मोड़कर खेतों तक ले जाया गया था। नदी से 2.25 किलोमीटर तक नहर भूमिगत है, इसके आगे 2.25 किलोमीटर तक खुली नहर है। जहां नहर भूमिगत है, वहां 11.5 मीटर गहराई पर पाईप बिछे हुए हैं। जिनसे पानी आगे बढ़ता है, कुछ अंतराल पर कुआं बनाए गए हैं। जिनमें मोटर पंप डालकर किसान खेतों में फसलों की सिंचाई करते हैं।

### पाइप फूटे और मिट्टी जमा हुई तो बंद नहर

यह नहर पिछले तीन वर्षों से बंद है क्योंकि भूमिगत नहर में बिछाए गए पाइप मिट्टी भर जाने से बंद हो गए थे। बताया गया है कि मिट्टी के दबाव से पाइप फूट गए और ऊपर से मिट्टी जमा होने से नहर पूरी तरह से बंद हो गई। इसे खोलने के लिए कई बार प्रयास किए गए थे। किंतु यह प्रयास सफल नहीं हुए तो विभाग ने राज्य स्तर पर बड़ी कार्य योजना का प्रस्ताव भेजा। यह प्रस्ताव स्वीकृत होकर आया और अब काम चल रहा है।

### समन्वय बनाना चाहिए

हम संबंधित कंपनी से बात करते हैं कि किसानों से समन्वय बनाकर काम करें। वह काम जरा जटिल है, किसानों ने उस नहर को चालू करने के लिए कई शिकायतें लगाई हुई थीं। अब किसानों को भी कंपनी के साथ समन्वय बनाना चाहिए।

**व्हीके शाक्य, एसडीओ,** जल संसाधन विभाग मुंगावली

# पुलिस लाइन में ध्यान कार्यशाला व जन-जागरुकता रैली आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार दिनांक 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर एक विश्व-एक हृदय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हार्टफुलनेस/भारतीय योग संघ, मध्यप्रदेश द्वारा पुलिस परिवार के समस्त सदस्यों (पुलिस बल,परिजन आदि) के लिए एक ऑनलाइन ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम के पूर्व तैयारी एवं जागरूकता के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में आज दिनांक 19 दिसंबर को पुलिस लाइन में एक ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें हार्टफुलनेस प्रीसेप्टर महेन्द्र रघुवंशी द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को ध्यान की महत्ता बताते हुए व्यावहारिक रूप से ध्यान संबंधी क्रियाएं कराई गईं। इस दौरान मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवन शैली पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। ध्यान कार्यशाला के पश्चात पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों एवं ब्राइट मॉडल पब्लिक स्कूल अशोकनगर के विद्यार्थियों की सहभागिता से गांधी पार्क से एक जन-जागरूकता रैली निकाली गई।

### अशोकनगर, चंदेरी, ईसागढ़ के भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा



**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार रात जिले के अशोकनगर शहर, चंदेरी शहर, ग्रामीण, ईसागढ़ मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की सहमति से अशोकनगर जिले के चंदेरी नगर मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा, चंदेरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश लोधी, ईसागढ़ मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा, अशोकनगर शहर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन को नियुक्त किया गया है। इन सभी मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियों पर जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। मिले दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने, संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है,एवं वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार जताया है।


# छात्र संगठन-एआईडीएसओ ने काकोरी घटना के अमर शहीदो को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

छात्र संगठन एआईडीएसओ ने जिले भर में काकोरी घटना के शहीद क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी,ठा.रोशन सिंह के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम व सभाएं आयोजित की।

छात्र संगठन डीएसओ के जिला सचिव अनुराग सागर ने बताया की यह वर्ष काकोरी घटना का शताब्दी वर्ष है और इस उपलक्ष में आज अशोकनगर जिले के स्कूल,कॉलेज ,गांव और मोहल्लों में काकोरी के शहीदों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी, ठा.रोशन सिंह के शहादत को याद किया। पुष्पांजलि कार्यक्रम सभाएं,सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की। शहीद रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान की शहादत आजादी आंदोलन की गैर समझौता वादी धारा में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है । इनके शहादत दिवस को साझी शहादत साझी विरासत के नाम से जाना जाता है।

काकोरी घटना के क्रांतिकारियों ने जिस आजादी का सपना देखा था वह आज भी अधूरा है। क्योंकि वर्तमान में आम जनता आधारभूत जरूरतों जैसे,बिजली,पानी, शिक्षा,स्वास्थ्य, रोज़गार के लिए मोहताज है। प्रदेश के बचे हुए 94 हजार सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है पिछले दस सालों में लगभग 30 हजार सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।



स्कूल भवन जर्जर हालात में हैं असुविधाओ का अंबार शैक्षणिक संस्थाओं में व्याप्त है एक लाख शिक्षकों के पद खाली है भर्तियां नहीं की जा रही हैं रोजगार के नाम पर पेपर लीक और घोटाले कर सरकारों द्वारा युवाओं के साथ छलावा किया जा रहा है। साथ ही हमारे चारों तरफ अश्लीलता, नशाखोरी को बढ़ाया जा रहा है जिसके कारण छोटी बच्ची से लेकर बुजुर्ग महिला के साथ जघन्य अपराध तेज़ी से बढ़ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छैवला निवासी बलराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार और सौरभ यादव ने उससे मारपीट की और फसल का नुकसान कर दिया। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी नन्नी बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी यशपाल,राजवीर हरिराम और सिरयाबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अशोकनगर**। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम डेंगा मोहचार निवासी शिवराम पुत्र मुन्नालाल आदिवासी उम्र 35 साल की अज्ञात कारणों से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात आरोपी बाईक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर**। जिले के देहात थाने के अंतर्गत नीलेश पुत्र लल्लीराम निवासी पुलिस लाईन अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुलिस लाईन से कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाईक जिसका नम्बर एमपी 67 जेडई 0919 है चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ईसागढ के घोसी मोहल्ला निवासी कुलविन्दर सिक्ख के पास से 25 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है साथ में एक स्कूटी भी जप्त की गई है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने पचलाना निवासी रामवीर लोधी के पास से 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

### शाढ़ौरा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**अशोकनगर**। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेन्द्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर शाढ़ौरा द्वारा आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में आयुर्विधा थीम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा में जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सचिन कुमार जैन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं हरिशंकर चैरसिया द्वारा उपस्थित सभी बालक बालिकाओं का वजन, ऊंचाई आदि देखकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। इसके साथ ही डॉ. जैन द्वारा नियमित योगाभ्यास, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या तथा औषधीय पौधों के महत्व को बताकर जागरूक किया गया। आयुष के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पेम्प्लेट्स का वितरण भी कराया गया।

## छुट्टी के बदले पैसे मांगने और एप्रेन उतारकर हाथ दिखाने की कलेक्टर के यहां शिकायत

# अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ने हंगामा मचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिला अस्पताल अशोकनगर में शुक्रवार को उस समय नर्सिंग स्टाफ विफरता हुआ नजर आया तब जिला अस्पताल के सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए देखा गया। जिसमें नर्सिंग अधिकारियों को कहना है कि छुटटी के बदले पैसे मांगने और एक मामले में एप्रैन उतारने को कहा गया।

नर्सिंग आफिसर लक्ष्मी जयसवाल का कहना है कि वह चिकिन पॉक्स के कारण छुटटी लेने गई थी तब सिविल सर्जन द्वारा उससे एप्रैन उतारकर हाथ दिखाने को कहा गया जिसका उन्होंने विरोध किया जिसके बाद कईं नर्स अधिकारी भी एक जुट हो गईं और उन्होंने इसका विरोध किया और बाद में वह सामुहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंची। इसकी सूचना मिते ही सिविल सर्जन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी पहुंच गईं। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने दोनो पर कलेक्टर कार्यालय में ही छुटटी के बदले पैसे मांगने का आरोप लगाया। इस दौरान नर्सिंग आफिसर दिव्या तिवारी ने सीएचएमओ डाक्टर अल्का त्रिवेदी पर आरोप लगाया कि छोटे बच्चे की देखभाल के लिए छुटटी मांगने पर उन्हे छुटटी नहीं दी गई और पैसे देने को कहा गया। वह 2 माह की छुटटी लेने के लिए 5 हजार रूपए लेकर सीएचएमओं के पास गई थी लेकिन बाद में उन्होंने पैसे वापिस कर दिए और स्टाफ की कमी का हवाला देकर छुटटी देने से मना कर दिया। इसी प्रकार एक अन्य नर्सिंग आफिसर शिवानी ने सिविल सर्जन पर इमरजेंसी लीव के लिए पैसे मांगने का आरोप लगाया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पैसे न देने पर उन्हे छुटटी नहीं दी गई।

### आरोप झूठे हैं

नर्सिंग आफिसर द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वह झूठे हैं दिव्या अपने पति के साथ छुटटी का आवेदन लेकर उनके घर आई थी और पैसे रखकर चली गई थी। लेकिन मैने तुरंत पैसे वापिस कर दिये थे।

**सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी** जिला अस्पताल अशोकनगर

नर्सिंग स्टाफ से एप्रैन उतरवाने के बारे में स्थिति यह है कि वह नर्सिंग स्टाफ स्वेटर पहनकर आई थी जिससे आस्तीन ऊपर नही जा रही थी इसलिए उन्होंने एप्रैन उतरवाने के लिए कहा था जिससे उन्हें बुरा लगा। नर्सिंग स्टाफ द्वारा नेताओं से छुटटी के लिए फोन लगवाए जाते हैं।

**भूपेन्द्र सिंह शेखावत** सिविल सर्जन जिला अस्पताल अशोकनगर

### म्यापुर में सफलता की कहानी पुस्तक का विमोचन किया गया

**अशोकनगर**। शासकीय माध्यमिक विद्यालय म्यापुर में मां सरस्वती जी की प्रतिमा का अनावरण तथा सफलता की कहानी पुस्तक का विमोचन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना अधिकारी राहुल शर्मा एवं भाजपा जिले के मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा तथा सिंधिया जनसंपर्क के प्रभारी विष्णु शर्मा ऐपीसी महेंद्र जैन अभिषेक चैधरी कैलाश नारायण धुर्रेटे तथा अन्य बीआरसीसी मुकेश साहू बीएसी जगमोहन यादव संजय अग्रवाल एवं मंडल अध्यक्ष बब्लू यादव धतुरिया जी एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राध्यापक परमाल सिंह रघुवंशी द्वारा शाला में किया जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी । संचालन एवं स्कूल में बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने एवं बच्चों में परिवर्तन देख प्राध्यापक परमाल रघुवंशी की सभी अतिथियों द्वारा सरायना की गई।

## नगर परिषद ईसागढ़ मुख्य मार्ग पर बने फुटपाथ पर हो रहा है अतिक्रमण




**ईसागढ़**। नगर परिषद ईसागढ़ द्वारा नगर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए मुहिम चलाई गई लेकिन ये मुहिम सफल नहीं हुई आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मौन धारण कर रखा है जिससे अतिक्रमण कार्य नगर में लगातार अपने पैर पसार रहा है और इस कारण नगर में आए दिन जाम की स्थिति होती है।

पैदल चलने वाले राहगीरों को चलने में होती है परेशानी वही विद्यालय के छात्र छात्राये प्रतिदिन सड़क पर पैदल निकलते हैं वहीं केकई पुलिया से इंडियन पब्लिक स्कूल तक बने फुटपाथ पर लोगों ने अतिक्रमण कर दुकानें लगा रखी है जिससे मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही से पैदल चलने वालो को काफी दिक्कत होती है और आए दिन दो पहिया वाहन से दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं फिर भी नगर परिषद ईसागढ़ द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा जबकि नगर के माधव चैक पर सब्जी के ठेले प्रतिदिन अव्यवस्थित तरीके से लगते है जिस कारण लोगों का निकलना मुश्किलों भरा होता है नगर में सबसे बड़ी समस्या अतिक्रमण है जिस पर सख्ती से कार्यवाही नहीं होने से दुकानों के सामने लगा अतिक्रमण भी नगरवासियों की समस्या बनी हुई है साथ ही नगर में जगह जगह ईंट गिट्टी भसुआ के ढेर पड़े होने से भी अतिक्रमण कर रखा है वही बस स्टैंड स्थित मुख्य दरवाजे के सामने लगे पेवर जो उखड़े पड़े है जिन पर गड्ढे बन गए हैं वहां से निकलते समय लोगों को काफी झटके लगते है जिससे दो पहिया वाहन असंतुलित हो जाते है और वाहन से गिरने का डर बना रहता है फिर भी कोई ध्यान नहीं दिए जाने से नगर परिषद ईसागढ़ की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े होते हैं जब इस बारे में नगर परिषद ईसागढ़ सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह से बात की तो उनका कहना है कि मैं इसको दिखवाता हूं जो दुकानें लगाई गई है वो अस्थाई है उनको हटवा दिया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के बीच संशय की स्थिति

## दो विभागों के बीच अटका करीला व्हीआईपी मार्ग की पुलिया का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बहादुरपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करीला स्थित मां जानकी मंदिर वाल्मीकि आश्रम में प्रतिवर्ष रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशाल मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बीते बुधवार को कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई थी। इस बैठक को मेले की तैयारियों का आगाज माना जा रहा है। वहीं इस आगाज के बीच एक समस्या है जो आमजनों के साथ व्हीआईपी लोगों को भी हर वर्ष खटकती है, जिसका कोई समाधान अब तक नहीं निकाला जा सका है।

दरअसल, क़रीला के लिए सबसे पुराना पक्का पहुंच मार्ग कोंचा बांध की पिकअप वियर से है। पिकअप वियर से मौला डैम गांव तक करीब पांच वर्ष पूर्व चार करोड़ की लागत से सात मीटर चैड़ा एक मार्ग भी तैयार कर दिया गया है। इस मार्ग को मेले के दौरान व्हीआईपी मार्ग का नाम दिया जाता है। इस मार्ग को आपातकालीन समय में उपयोग करने के लिए सुरक्षित रखा जाता है किंतु इस मार्ग पर एक पुलिया है, जो बीते बारह बरस पहले जो एक बार टूटी तो अब तक बन नहीं पाई। पहले इस पुलिया का एक हिस्सा ही टूटा था लेकिन इसके बाद इसकी मरम्मत नहीं हुई तो धीरे धीरे कर के बड़ा हिस्सा टूटकर जमींदोज हो गया। हर बार मेले के पहले इस पुलिया को बनाने की मांग उठती है लेकिन यह मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है, पुलिया पर आवागमन बंद होने से वाहन पिकअप वियर के नीचे से नदी में से निकलते हैं, जिसमें मार्च अप्रैल के महीने में पानी बहुत कम होता है।

जल संसाधन विभाग ने बनाई, अब लोक निर्माण विभाग को सौंपे जाने का दावा

बताया गया है कि इस पुलिया का निर्माण कई वर्षों पहले जल संसाधन विभाग द्वारा स्वयं के उपयोग हेतु किया गया था। किंतु जब लोक निर्माण विभाग ने मोला डैम से पिकअप वियर तक सात मीटर चैड़ी सड़क बनाई तो इस सड़क को पुलिया के साथ लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। इसलिए इस पुलिया की मरम्मत और नव निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग कुछ नहीं कर सकता। वहीं लोक निर्माण विभाग का दावा है कि उनके द्वारा केवल सड़क हस्तांतरित की गई है, पुलिया नहीं। इसलिए पुलिया का निर्माण उनके विभाग द्वारा नहीं किया जा सकता।


### दिखवा रहे हैं

बैठक में यह मामला मेरी नजर में आया था, इसे हम प्राथमिकता से दिखवा रहे हैं और इस बार उसका हल निकल जाएगा।

**आदित्य सिंह**, कलेक्टर, अशोकनगर

## नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई

## यादव कॉलोनी में न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाया



**अशोकनगर**। नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यादव कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 02, बायपास रोड स्थित गली में लंबे समय से किए गए अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुँचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतन के निर्देशन में की गई। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक मोहन बनिया, अतिक्रमण प्रभारी नारायण बालू सहित नगर पालिका की राजस्व टीम एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहा। कॉलोनीवासियों द्वारा शिकायत की गई थी कि गली में फरसी गाड़कर रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बुलडोजर की सहायता से उक्त अतिक्रमण को हटाया गया। उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई न्यायालय द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों के पालन में की गई, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किया जाना आवश्यक था। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद गली को पूरी तरह से साफ कर आम नागरिकों के लिए आवागमन सुगम बनाया गया।

## सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोशल मीडिया को नफरत फैलाने का औजार बनाने वालों के खिलाफ आखिरकार कानून ने सख्त रुख अपनाया है। सामाजिक उन्माद फैलाने और धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर भड़काने के गंभीर आरोपों में विपिन पाटनी पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है ।

अशोकनगर सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता 2023 की गंभीर धाराएं 299, 352 और 353(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है, जो अपने-आप में इस बात का संकेत है कि मामला साधारण नहीं बल्कि गंभीर और सुनियोजित है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विपिन पाटनी द्वारा सोशल मीडिया पर जानबूझकर बार-बार झूठे लेख लिखे गए, जिनमें जैन मुनि के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और भड़काऊ टिप्पणियां की गईं। यह सब किसी एक बार की गलती नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही एक सोची-समझी गतिविधि थी, जिसका मकसद साफ तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करना और समाज में तनाव पैदा करना था। हाल ही में फेसबुक पर की गई पोस्टों को पुलिस ने गंभीर मानते हुए गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। साथ ही चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से धार्मिक भावनाओं को भड़काने, शांति भंग करने, सामाजिक उन्माद फैलाने का प्रयास करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। विपिन पाटनी पर जिन धाराओं में मामला दर्ज हुआ है, वह स्पष्ट रूप से बताती हैं कि बिना किसी प्रमाण के किसी संत या धार्मिक व्यक्ति को निशाना बनाया गया जो गंभीर अपराध है।

इस पूरे मामले पर जैन समाज ने भी कड़ा रुख अपनाया है। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा है कि शहर में ऐसे 3-4 लोग हैं जो लगातार धार्मिक भावनाएं भड़काने का काम कर रहे हैं। अब चुप नहीं बैठेंगे, सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला उन सभी के लिए चेतावनी है जो सोशल मीडिया को ढाल बनाकर संतों, धर्म और समाज पर कीचड़ उछालने का दुस्साहस करते हैं। कानून अब खामोश नहीं है, और जो लोग नफरत बोते हैं, उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। जैन पंचायत के साथ यह सभी मंडल शामिल हुए जिसमें जैन जागृति मंडल, युवा वर्ग, अरिहंत ग्रुप, बैठदेव समिति।

## संत बाबा सतनाम सिंह ने मोह माया के प्रभाव का वर्णन किया






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर


कुकरेटा चक्क में शुक्रवार को आयोजित सत्संग में गुरमत रूहानी मिशन के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंह ने जड़भरत ऋषि जी का प्रसंग सुनाते हुए मोह माया के प्रभाव का वर्णन करते हुए कहा कि माया जीव को कैसे फंसाती है। जड़भरत जी अपना राज पाठ छोड़ कर प्रभु प्राप्ति के लिए जंगल में नदी किनारे तपस्या करने लगे।

उन्होनें कहा कि एक दिन क्या देखा कि हिरणी शावक को जन्म देकर चल बसी। ऋषि जी करुणावश उस शावक का लालन पालन करने लगे, इसी तारतम्य में वो उसमे इतना मशगूल हो गए कि जब वो शावक बड़ा होकर हिरणों के झुंड में जा मिला तो अब इनका ध्यान दिन रात उसी में है कि पता नहीं वो किस हाल में होगा। जब आखरी समय आया तो चूँकि ध्यान हिरण में होने के कारण अगला जन्म हिरण का मिला। चूँकि पिछली बन्दगी साथ थी तो पिछला सब याद होने के कारण बहुत उदास है। फिर स्वयं को दलदल में फँसा कर अन्तर्मन में मनुष्य जन्म की प्रार्थना करते हुए शरीर छोड़ा और अगले जन्म में अधूरी बन्दगी की पूरा कर वो मंजिल हासिल की जिसे बड़े बड़े देवता तरसते हैं। सो आजकल के परिप्रेक्ष्य में यह काफ़ी सटीक और सामयिक दृष्टांत है स आजकल लोग घरों में जो जानवर पालते हैं उन्हें इससे सीख लेनी चाहिए। बाबाजी ने माया की प्रबलता का वर्णन करते हुए कहा कि माया पर विजय पूर्ण सतगुरू को गुरु धारण कर ही पाई जा सकती है। अतः संगत में बाबाजी ने गुरु की महत्ता समझाते हुए अमृत पान पर ज़ोर दिया स गुरु का लंगर अटूट वरता ।

## आचार्य श्री के मंगल सानिध्य में होगा विधान

## घट यात्रा के साथ शुरू होगा सिद्ध चक्र महा मंडल विधान

**मुंगावली**। वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज संसंघ सानिध्य में आज से सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का घट यात्रा के साथ शुरू किया जाएगा। शनिवार सुबह सैकड़ो महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर घट यात्रा के रूप में पंक्तिबद्ध होकर चलेंगे उसी के साथ जैन प्रतिमाएं रथ में सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगी। साथ में आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज मुनि श्री सुदत्त सागर जी महाराज गुरु दत्त सागर जी महाराज भू दत्त सागर जी महाराज मेघदत्त सागर जी महाराज वृषभ दत्त सागर जी महाराज चंद्र दत्त सागर जी एवं श्री दत्त सागर जी महाराज साथ में चलेंगे।




घट यात्रा श्री दिगंबर जैन शीतल नाथ मंदिर से प्रारंभ होगी साथ में घोड़े बैंड बाजे एवं हजारों की संख्या में जैन श्रद्धालु चलेंगे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के उपरांत वहां ध्वजारोहण किया जाएगा। भूमि शुद्धि, मंडप शुद्धि, विशेष मंत्रों द्वारा की जाएगी तद उपरांत आचार्य श्री का मंगल प्रवचन होंगे। आचार्य श्री ने जैन मंदिर में धर्म सभा के बीच घट यात्रा का महत्व बतलाते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत मंगल से प्रारंभ की जाती है घाट लेकर सौभाग्यवती नारियों एवं बालिकाओं चलना मंगलकारी होता है जैसे किसी की मृत्यु होने पर बिना बुलाए ही पुरुष मरघट यात्रा में जाते हैं वैसे ही प्रत्येक नारी को घट यात्रा में बिन बुलाये ही जाना चाहिए। जो घट अर्थात घड़ा या कलश पूर्ण भरा हो वही मंगलकारी होता है खाली कलश अमंगल का सूचक होता है।

## पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारियों का किया सम्मान

# तुम्हें जिंदगी इसलिए मिली है कि तुम जीते जी कुछ कर सको

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि तुम्हें जिंदगी इसलिए मिली है कि तुम जीते जी कुछ कर सको, अपने आप को प्रेरित करता है मौत का डर। हमें इस संसार से ऊपर उठकर कुछ करने की प्रेरणा देता है दुःख इसलिए नहीं आता कि तुम्हारे लिए दुखी बना दे दुःख इसलिए आता है कि सुख के दिनो में तुम कुछ ऐसा कर लो कि यह दुनिया तुम्हारे लिए याद करें। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने ऐसा क्या किया कि आज भी याद किये जातें हैं सुभाष चंद्र बोस ने ऐसा क्या किया है राष्ट्र उन्हें याद करता है उनके योगदान को हर भारत वासी सम्मान की नजर से देखता है।

**आज हम सभी का सम्मान कर अपने समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं** इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में हुये अपूर्व चातुर्मास को ऐतिहासिक बनाने में शासन प्रशासन का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज हम जिला पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा एसडीओपी विवेक शर्मा संयुक्त कलेक्टर सोनम का सम्मान कर हम अपने को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान सम्मान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो दारा सभी का शाल श्रीफल स्मृतिभेंट कर सम्मान किया गया

**अगले साल भी ऐसे ही विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हो एसपी** जिज्ञासा रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि अशोकनगर में पांच महीने से आनंद वरस रहा है एक से एक बढ़कर कार्यक्रम हुए इनमें हमें भी हमारे फोर्स को सेवा का मौका मिला। अगली बार भी ऐसा ही विश्व शांति के लिए महा यज्ञ हो मुझे बहुत अच्छा लगा कि हर व्यक्ति कह रहा है कि जगत के सुख शांति समृद्धि के लिए हम लोग यह महा महोत्सव कर रहे हैं। इस पर मुनिश्री ने कहा कि सतयुग में भी संतों के कहने पर दशरथ जी ने अपने छोटे छोटे कुमारो को राम चन्द्र जी लक्ष्मण जी को गुरु विश्वामित्र जी के साथ भेज दिया था। मैं देख रहा हूं आपके पुलिस वाले कितनी लग्न से डूयूटी देते हैं। यह हमारी संस्कृति संस्कार है जो हमें पूर्वजों से मिले हैं। यहां रहने का तो आपके जैसे हमारे भी ट्रांसफर होते रहते हैं अगर यहां नही सही तो किसी न किसी स्थान पर जरूर मिलेगें।

**ग्रीष्म कालीन वाचना भी महाराज जी इस नगर में हो-सयुक्त कलेक्टर** इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने कहा कि अशोक नगर में एक से बढ़कर एक समारोह हुए पांच हजार से अधिक शिविरार्थियों का दस दिनों तक अनुशासित तरीके से रहते हुए यहां धर्म ध्यान करना हम सब के लिए प्रेरणा दाई रहा महाराज हम सब यह देख रहे थे कि इस व्यवस्था को प्रशासन किस तरह से लागू कर सकते हैं। गजरथ महोत्सव ने बहुत आनंदित किया इतनी सर्दी हो गई अब यह दो महीने भी महाराज जी इसी नगर को लाभ दे ऐसी प्रार्थना है।

इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में हुये श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव के कलशों का सौभाग्य श्री केवल चन्द्र मनोज कुमार भैसरवास सुनील कुमार संजीव कुमार श्रागर लोकेश कुमार बल्ला पीरोट परिवार ओम प्रकाश देवेन्द्र कुमार विजय कुमार धुर्रा परिवार नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष प्रांजल जैन राज कुमार कासल संजीव श्रागर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल को कलश प्रदान किये गये इसके साथ ही अन्य प्रमुख कलशों को कमेटी द्वारा विभिन्न भक्तों को दिया गया।

## ई-केवायसी नहीं करवाई तो आपके घर रुक सकती है गैस सिलेंडर सप्लाई

# 11 हजार गैस उपभोक्ताओं की ई-केवायसी पेंडिंग, अंतिम तिथि 31

**खास-खास**

| | |
|---|---|
| राजगढ़ क्षेत्र में कुल उपभोक्ता : | 23835 |
| ई-केवायसी पूर्ण : | 12808 |
| पेंडिंग कनेक्शन : | 11027 |

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को काफी पहले से निर्देश दिए हुए हैं कि वे संबद्ध गैस एजेंसियों से जुड़े उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अनिवार्यतः करवा लें। मंत्रालय द्वारा ई-केवायसी की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर निर्धारित की हुई है। अकेले राजगढ़ नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो सिर्फ 50 प्रतिशत गैस उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवायसी पूर्ण करवाई है। शेष उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अभी तक नहीं हो पाई है। एचपी सहित अन्य एजेंसियों द्वारा ग्राहकों से लगातार अनुरोध व अपील की जा रही है कि वे नजदीकी डीलर के दफ्तर पहुंचकर या निर्धारित एप्लीकेशन पर अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी करवा लें। बावजूद इसके गैस उपभोक्ता इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब चूंकि, ई-केवायसी कार्य करवाने की अंतिम तिथि में महज 12 दिन शेष रह गए हैं अगर आपने यह काम नहीं निपटाया तो अपने घरों में एलपीजी गैस की सप्लाई रुक सकती है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि अंतिम तिथि में बढ़ोतरी संभव है।




### इसलिए अनिवार्य की गई है ई-केवायसी

पेट्रोलियम मंत्रालय ने फर्जी कनेक्शनों पर रोक लगाने सहित अन्य उद्धेश्यों को लेकर प्रत्येक एलपीजी कनेक्शन उपभोक्ता के लिए ई-केवायसी करवाना अनिवार्य किया है। उक्त कार्य करीब 1 साल से चल रहा है बावजूद इसके गैस उपभोक्ताओं इस काम में लेट-लतीफी कर रहे हैं। अब चूंकि, अंतिम तिथि 31 दिसंबर में महज 12 दिन शेष रह गए हैं ऐसे में एलपीजी गैस वितरकों द्वारा अपने उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे यह ई-केवायसी को आवश्यक रूप से पूर्ण करवा लें।

### एप के माध्यम से भी किया जा सकती है ई-केवायसी

अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी दो तरह से की जा सकती है। एक तो आप स्वयं अपने वितरक के दफ्तर पहुंचकर अपने आधार और मोबाइल नंबर को गैस कनेक्शन नंबर से लिंक करवा सकते हैं। दूसरे यह प्रक्रिया ऑनलाईन भी पूरी की जा सकती है। इसके लिए उपभोक्ताओं को गूगल प्ले स्टोर से 'एचपीपे' ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप डाउनलोड करने के उपरान्त स्क्रीन पर ई-केवायसी की लिंक नजर आएगी। इस लिंक पर आवश्यक जानकारियां भरकर ई-केवायसी कार्य पूर्ण किया जा सकता है।


**उपभोक्ताओं से अपील**

हम सभी गैस उपभोक्ताओं अपील करते हैं कि वे एजेंसी आकर या ऑनलाईन एप के जरिए अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी करवा लें। इस कार्य की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित है।

अजय सिंह, संचालक, वीनस गैस एजेंसी, राजगढ़

## दैनिक वेतन भोगी से क्यों नहीं वसूल रहे निकाली राशि

# वेयरहाउस में अनियमितता पर लगाम


मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन
क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल
क्रमांक2803/मप्रवेलॉका/स्थापना/2025–26 भोपाल, दिनांक :16/12/2025
प्रति,
श्रीमती दीप्ती सिंह क0स0(शा0प्र0)
मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,
शाखा ब्यावरा।
विषय :– श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक शाखा ब्यावरा को राजगढ़ भेजने बावत्।
–00–
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी शाखा पर पदस्थ श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक को शाखा राजगढ़ पर कार्यालयीन कार्य की अधिकता को दृष्टिगत रखते हुए शाखा राजगढ़ भेजने हेतु शाखा स्तर से निर्देशित कर इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
क्षेत्रीय प्रबंधक
भोपाल
क्रमांक2803/मप्रवेलॉका/स्थापना/2025–26 भोपाल, दिनांक :16/12/2025
प्रतिलिपि :–
1.अतिरिक्त प्रबंध संचालक,म0प्र0 वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,प्रधान कार्यालय भोपाल।
2.शाखा प्रबंधक, म0प्र0 वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, शाखा राजगढ़। आप श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक को शाखा राजगढ़ पर कार्यालयीन कार्य हेतु उक्त पत्र प्राप्ती की दिनांक से रखने की कार्यवाही कर इस कार्यालय को सूचित करें।
3. संबंधित की फाईल में नस्ती हेतु।
क्षेत्रीय प्रबंधक
भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

आउटसोर्स से ब्यावरा वेयरहाउस में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति के बाद दैनिक श्रमिक के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले शिवमान सिंह ने ब्यावरा शासकीय वेयरहाउस में लाखों रूपए का घोटाला कर दिया और अधिकारियों को पता ही नहीं चला। अपने लोगों को बिना काम किए आउटसोर्स कंपनी जोडकर उन्हें बिना काम किए कई सालों तक अवैध रूप से वित्तीय लाभ पहुंचाया है। इस बात की पुष्टि कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा दिए गए आदेश के बाद की गई जांच टीम ने कर दिया। इसी जांच पर संज्ञान लेते हुए वेयरहाउस कार्पोरेशन ने भी शिवमान को दोषी मानते हुए उसे ब्यावरा वेयरहाउस से हटा दिया है।

### क्या सरकारी पैसे की लूट करने वाले पर होगी रिकवरी की कार्रवाई

यक्ष प्रश्न यह है कि जहां विभाग ने शिवमान सिंह पर आरोप साबित होने के बाद उसे ब्यावरा वेयरहाउस से हटा दिया। परंतु क्या सालों आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन फर्जी तरीके से निकालने वाले शिवमान से विभाग अवैध तरीके से निकाले गए पैसों की रिकवरी करेगा।

### दैनिक वेतनभोगी का अटेचमेंट क्यों ?

लाखों रूपए की अनियमितता करने वाले इस कंप्यूटर ऑपरेटर का अटेंचमेंट क्यों किया गया इसको हटाने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इसकी सेवाएं समाप्त क्यों नहीं की गई क्या विभाग इस तरह के घोटालों की पुनरावृत्ति देखना चाहता है।

**इनका कहना है...**

विभाग ने अनियमितता करने वाले कर्मचारी पर विभागीय कर्रवाई कर दी है उन्हें यहां से हटा दिया गया है।

दीप्ति सिंह, प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस

## मिट्टी के स्वास्थ्य और मृदा परीक्षण की दी जानकारी



**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएम शा. मा. विद्यालय में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखंड ब्यावरा के द्वारा स्वाईल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना अन्तर्गत पीएम श्री स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वस्थ धरा खेत हरा की थीम पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययन 50 छात्र छात्राओं का वैच बनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को मिट्टी के स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण की जानकारी विभाग द्वारा विद्यार्थियों की दी गई तथा विद्यार्थियों की प्रायोगिक कक्षा में मृदा नमूना एकत्रीकरण तथा फसलों के लिए भम्पूर्ण जानकारी से विद्याधियो आवश्यक पोषक तत्वों की सम्पूर्ण को रूबरू करवाया। आईडी बनाकर ऑनलाइन मृदा नमूना एकत्रीकरा की बारीकियाँ विद्यार्थियों के साथ साझा की गई विद्यालय के प्राचार्य केवलसिंह भीलाला के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित विद्यार्थियों को खेतों की मिटूटी की जांच के लिए सदा नमूना एकत्रिकरण कर विद्यालय में जमा करवाने के लिए सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# वन अमले ने हरियाली के दुश्मनों पर कार्रवाई कर 2 ट्रॉली लकड़ी की जब्त

## खिलचीपुर वन अमले ने मुखबिर की सूचना पर की घेराबंदी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

जिले में वन माफियाओं के हौंसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। विगत दिनों मुख्यालय पर ही चोरों ने चंदन के पेड़ चुराने की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही जिले के अन्य क्षेत्रों से भी पेड़ों की अवैध कटाई के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, वन विभाग भी पूरी तरह सक्रिय है और सूचना मिलने पर तुरंत वन माफियाओं पर कार्यवाहियां की जा रही हैं।

इसी कड़ी में खिलचीपुर वन अमले की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के उपरान्त दो टैक्टर-ट्रॉलियों से भारी मात्रा में बबूल की लकड़ियां बरामद की है। मामले में दोनों वाहन के चालकों पर वन उपज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार खिलचीपुर वन विभाग को सूचना मिली थी कि सोनखेड़ा के आसपास से बबूल की लकड़ियां काटकर उन्हें भ्याना तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने संबंधित स्थान पर घेराबंदी की तो सामने से दो टैक्टर-ट्रॉली आते नजर आए। वाहनों के चालकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उन्हें पकड़ लिया। बॉक्सः दो लोगों पर बॉक्सः साढ़े 4 घन मीटर लकड़ियां की गई जब्त दोनों ट्रॉलियों से करीब साढ़े 4 घनमीटर बबूल की लकड़ियां जब्त की गई हैं। अवैध परिवहन कर रहे टैक्टर के चालकों सईद एवं सरफराज पर वन उपज अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। वन अमले की टीम में ओमप्रकाश दांगी, सुरेश दांगी, राघवेंद्र यादव सहित अन्य शामिल थे।

### नगर में शिव महापुराण से भक्तिमय हुआ नगर

**जीरापुर।** नगर के किशनगढ़ मोहल्ले में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक पंडित ललित जी नागर (सेंधवा वाले) ने अन्नदान को सर्वश्रेष्ठ दान बताते हुए कहा कि यदि रात्रि में अचानक भूख या प्यास लगे तो यह संकेत हो सकता है कि हमारे पूर्वज तृप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में किया गया दान ही स्वर्गलोक में प्राप्त होता है। पंडित ने महाभारत के कर्ण का उदाहरण देते हुए बताया कि कर्ण ने जीवनभर स्वर्ण व अन्य वस्तुओं का दान किया, लेकिन अन्नदान न करने के कारण स्वर्ग में उन्हें अन्न नहीं मिला और कष्ट भोगना पड़ा। 16 दिनों के लिए मृत्यु लोक में आकर माता कुंती से अन्न-जल ग्रहण करना पड़ा, जिससे सोलह श्राद्ध की परंपरा प्रारंभ हुई। महाकाल ज्योतिर्लिंग को बारह ज्योतिर्लिंगों का केंद्र व जीरापुर नगर आसपास के क्षेत्र के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है।

## पशु धन व दूध हो रहा है अमानक

# सारंगपुर में पशुआहार के नाम शराब फैक्ट्री के कचरे सहित कपास्या खली में मिलावटी ब्रांड का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

क्षेत्र में पशुपालकों को ठगने का धंधा चल रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार नगर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में कुछ नदेबतनचनसवने दुकानदार पशुआहार (एनिमल फीड) के नाम पर यूरिया मिश्रित चारा खुलेआम बेच रहे हैं। यही नहीं, कपास्या खली की थैलियों में भी बड़े पैमाने पर ब्रांड बदलने का खेल चल रहा है, जिससे पशुपालकों को गुणवत्ताहीन और खतरनाक सामग्री दी जा रही है।

जानकारों का कहना है कि मिलावटी पशुआहार में डाली जा रही यूरिया पशुओं के स्वास्थ्य के लिए घातक है। इससे दूध देने वाले पशुओं में बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ जाता है, वहीं दूध की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा असर पड़ता है। सारंगपुर क्षेत्र में कई दुकानदार कम दाम का लालच देकर नकली खली व पशुआहार की बिक्री कर रहे हैं। मूल कंपनी की थैलियों को इकट्ठा कर उनमें घटिया या सड़ी-गली खली भरकर ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है। इस धोखाधड़ी में सप्लायर्स, गोदाम संचालक और खुदरा विक्रेताओं की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।



स्थानीय नागरिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से कहा कि प्रशासन जल्द छापेमारी कर दोषियों को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि पशुपालकों को राहत मिल सके और मिलावटी चारा माफिया पर अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में फूड अधिकारी से बात की तो बोले अमानक पशु आहार मिल रहा है तो यह काम पशुचिकित्सा अधिकारी का है पशु आहार की क्वालिटी चेक करने का फिर हमारे संवाददाता ने पशुचिकित्सा अधिकारी से पूछा तो बताया कि चेक करने का काम फूड अधिकारी को ही हैं, आखिर अमानक पशु खाद्य सामग्री की ओर कौन ध्यान देगा।

# निरीक्षण में अपडेट नहीं मिले स्वास्थ्य केंद्रों के रिकार्ड

## खजुरिया व बाईहेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे थे जिलाधीश डॉ गिरीश

**राजगढ़।** जिले की ढुलमुल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने जिला प्रशासन द्वारा तमाम तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शुक्रवार को बाईहेड़ा एवं खजुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए। खजुरिया में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रसव रजिस्टर की जांच की तो उसमें प्रसव तिथि अंकित नहीं पाई गई।




इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का अनमोल एप एवं यू-वीन पोर्टल के ऑनलाइन डाटा से मिलान किया। साथ ही उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि किस माह में कौन-सा टीकाकरण किया जाता है एवं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के लिए आवश्यक हीमोग्लोबिन स्तर क्या होना चाहिए। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित आशा कार्यकर्ता से नवजात शिशु को जन्म के समय लगाए जाने वाले टीकों के बारे में भी जानकारी ली।

### दवाओं की अनाश्यक मांग पर उठाए सवाल

खजुरिया केंद्र के निरीक्षण में कलेक्टर ने सीएचओ डॉ. अभिषेक जैन से जानकारी लेते हुए ओपीडी रजिस्टर, ऑनलाइन दवा मांग, दवाओं के बफर स्टॉक एवं स्टॉक रजिस्टर के संधारण की जांच की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियां नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा दवाओं की अत्यधिक मांग किए जाने के कारणों पर सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दवा मांग यथार्थ आवश्यकता के अनुसार की जाए तथा सभी अभिलेखों का नियमित और सही संधारण सुनिश्चित किया जाए।

### पीएम श्री स्कूल में प्रशिक्षण स्वस्थ धरा खेत हरा कार्यक्रम आयोजित

**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएम शासकीय मा. विद्यालय में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखंड ब्यावरा के द्वारा स्वाईल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना अन्तर्गत पीएम श्री स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वस्थ धरा खेत हरा की थीम पर आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययन 50 छात्र छात्राओं का वैच बनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को मिट्टी के स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण की जानकारी विभाग द्वारा विद्यार्थियों की दी गई तथा प्रायोगिक कक्षा में मृदा नमूना एकत्रीकरण तथा फसलों के लिए भम्पूर्ण जानकारी से विद्याधियो आवश्यक पोषक तत्वों की सम्पूर्ण को रूबरू करवाया गया।

# निजी वाहनों पर लगे हूटरों को हटवाने सामने आई कांग्रेस

## इंका जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन के अनुसार निजी वाहनों पर हूटरों का प्रयोग पूरी तरह से गैरकानूनी है। परिवहन विभाग ने भी इस बारे में आदेश जारी किए हुए हैं। इसके बावजूद जिले में कई रसूखदार लोगों, विभिन्न दलों के नेताओं सहित अन्य व्यक्तियों ने अनाधिकृत रूप से अपने निजी वाहनों पर हूटर लगवाए हुए हैं। उक्त मामले को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची के नेतृत्व में कई इंकाजन शुक्रवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जिले में निजी वाहनों पर लगे अनाधिकृत हूटरों को अभियान चलाकर हटवाने की मांग एसपी अमित तोलानी से रखी। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के तहत अग्निशमन यंत्रों, एम्बुलेंस, सुरक्षा प्राप्त वीआईपी, वायलेट वाहन, दंडाधिकारियों सहित अन्य के वाहनों पर ही हूटर लगे हो सकते हैं। परन्तु, जिले में कईं सत्ताधारी नेता अपने निजी वाहनों पर हूटर लगाकर जनता के सामने रौब झाड़ने में लगे हुए हैं जो नियमों की सीधे-सीधे अनदेखी है। ऐसे में कांग्रेस ने सभी तरह के निजी वाहनों पर लगे हुए हूटरों की हटवाने की मांग पुलिस प्रशासन से रखी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी सहित अन्य इंका पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई मानव श्रृंखला

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन व नागरिक शिष्टाचार का आयोजन



**ब्यावरा।** जिला मुख्यालय पर संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आज पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार की जागरूकता हेतु प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं नागरिक शिष्टाचार समिति राजगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में छात्र-छात्राओं की मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया जिसमें 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र अपने विद्यालय से बाहर निकाल कर पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए हाथों में तख्ती लिए हुए रोड किनारे खड़े हुए थे।

इसमें नगर के सभी विद्यालय के के मेमोरियल स्कूल, कैरियर कान्वेंट स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, संस्कार चिल्ड्रन स्कूल,सीएस अकैडमी,शेफील्ड पब्लिक स्कूल,वीर भगत सिंह स्कूल, दीपक पब्लिक स्कूल,भारतीय विद्या मंदिर, राजेश्वर कन्वेंट स्कूल, प्रखर ज्योति मिडिल स्कूल के साथ शासकीय विद्यालय के छात्र छात्र भी शामिल हुए। बिरसा मुंडा चैराहे पर छात्र-छात्राओं को इस संबंध में उद्बोधन भी दिया गया जिस समाज के अन्य लोगों द्वारा भी सुना गया।

इस अवसर पर तेजेंद्र उपाध्याय, मार्तंड सिंह सोलंकी, राकेश पांडे, महेंद्र सोलंकी,लोकेश शर्मा, महेश दांगी,नरेश लववंशी, महेश पुष्पद, दीपक सोलंकी, अमित शाह, सागर पवार, गजेंद्र निमोदिया शरद शर्मा के साथ विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री मयंक जायसवाल सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा उपस्थित थे।

## नाराज किसानों की शिकायत के बाद कृषि विभाग ने की कार्रवाई

# खुजनेर में निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचा, दुकान को महकमे ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खुजनेर

नगर खुजनेर में संचालित पवन कृषि सेवा केंद्र खाद विक्रेता द्वारा यूरिया खाद निर्धारित मूल्य से अधिक दाम में बेचा जा रहा था जिसकी शिकायत किसानों द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों से की पवन कृषि सेवा केंद्र खुजनेर में यूरिया खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिलने से आक्रोश फैल गया व यूरिया खाद की किल्लत एक नई परेशानी बन गई है।

शुक्रवार को खुजनेर के पवन कृषि सेवा केंद्र सहित एक निजी कृषि लाइसेंसधारी दुकान पर किसानों ने हंगामा किया किसानों का आरोप है कि दुकान पर यूरिया खाद होने के बाद भी उन्हें निर्धारित मूल्य पर खाद नहीं दी जा रही थी शिकायत मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया निरीक्षण के दौरान लाइसेंस क्रमांक 181/2 वैधता 20 जनवरी 21 की दुकान पर अनियमितताएं पाई गईं। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार विक्रेता द्वारा यूरिया का एक बोरा निर्धारित दर से अधिक मूल्य 500 रुपये में बेचा जा रहा था साथ ही यूरिया के साथ माइकोराइजा खाद को जबरन टैगिंग कर दी जा रही थी। बताया गया कि माइकोराइजा के 19 किलोग्राम के पैकेट 150 रुपये में यूरिया के साथ अनिवार्य रूप से दिए जा रहे थे खुजनेर निवासी



कृषक धर्मेन्द्र सादन ने बताया कि उन्हें यूरिया का एक बैग 1000 रुपये में दिया गया, लेकिन विक्रेता द्वारा कोई रसीद नहीं दी गई और न ही पीओएस मशीन में भुगतान दर्ज किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि कृषक को न्त्स् कंपनी का यूरिया दिया गया, जिसकी मैन्युफैक्चरिंग नवंबर 2025 दर्शाई गई है, जो नई दिल्ली की बताई जा रही है अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा पढ़कर सुनाया गया, लेकिन संबंधित विक्रेता ने पंचनामे व अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया कृषि विभाग के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पवन कृषि सेवा केंद्र को शील किया व आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है किसानों ने दोषी विक्रेता पर सख्त कार्रवाई और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।